पेज थ्री
देहरादून

# हमारा दून

देहरादून रविवार 6 सितंबर 2020




आम आदमी पार्टी भाजपा की सरकार के खिलाफ शांति प्रदर्शन करते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### विस अध्यक्ष ने दी शिक्षक दिवस की बधाई

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने शिक्षक दिवस' के अवसर पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक, देश एवं समाज के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने शुभकामना संदेश में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि महान शिक्षाविद् एवं दार्शनिक भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। शिक्षक अपने विद्यार्थियों को अनुशासनप्रिय बनाने एवं उनमें नैतिक मूल्यों के गुण रोपित करने सहित उनकी प्रतिभा का विकास करते हैं, जिससे वे आदर्श नागरिक बन राष्ट्र के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाते हैं।

### 65,000 एलईडी लाइट के स्थापन हेतु एमओयू हुआ

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम बोर्ड बैठक हॉल में नगर निगम देहरादून व भारत सरकार के उपक्रम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के बीच देहरादून महानगर हेतु 65,000 एलईडी लाइट के स्थापन हेतु एमओयू मेयर सुनील उनियाल गामा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गाम ने बताया कि यह एमओयू निश्चित रूप से देहरादून महानगर के प्रकाश प्रबंधन में मील का पत्थर साबित होगा।

### राज्य आपदा प्रतिवादन बल ने जोलीग्रांट एयरपोर्ट में मॉक ड्रिल में प्रतिभाग किया

**संवाददाता** देहरादून। राज्य आपदा प्रतिवादन बल, उत्तराखंड द्वारा जोलीग्रांट एयरपोर्ट, दून में आयोजित मॉक ड्रिल में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर एसआई मोहित सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ की 12 सदस्यीय टीम ने एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश होने की सूचना पर तत्काल रेस्क्यू हेतु रवाना हुई। टीम द्वारा आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के घटनास्थल पर पहुँचकर रेस्क्यू कार्य आरम्भ किया गया।

### उत्तराखंड में लोग कांग्रेस को वापस लाना चाहती है

**संवाददातां** देहरादून। जिला चमोली कांग्रेस वर्चुअल कॉन्टैक्ट सम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने उदघाटन किया और इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने शिक्षक दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि देश की हालत गंभीर है और चीन सर पर चढ़ता जा रहा है पर प्रधानमंत्री चीन का नाम तक नहीं लेते है और आज महंगाई बेरोजगारी अर्थव्यवस्था जीडीपी सब क्षेत्रों में बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि श्रम कानूनों को कमजोर किया गया व श्रमिक विरोधी बना दिया गया है। उत्तराखंड में लोग कांग्रेस को वापस लाना चाहती है।

### मुख्य सचिव एवं पर्यटन सचिव ने केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

# कार्य में गुणवत्ता और गति में तेजी का रखें ध्यानः सीएस

**निर्देश**

■ शंकराचार्य समाधि का कार्य 31 दिसंबर तक हर हाल में ही पूर्ण

■ तीर्थ पुरोहितों हेतु भवनों को शीघ्र पूर्ण कर जिला प्रशासन को सौंपा जाए



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव ओमप्रकाश एवं पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर ने शनिवार को केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शंकराचार्य समाधि, दिव्यशिला से समाधि तक पैसेज मार्ग, एम आई 26 हेलीपैड, सरस्वती व मन्दाकिनी घाट आदि का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने कार्यदायी संस्थाओं को कार्य मे तेजी लाने व गुणवत्ता परक कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर हाल में तय समय सीमा के भीतर पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण किया जाय। शंकराचार्य समाधि में चारदीवारी व मंडल वाल का निर्माण किया जाना है। चारदीवारी 12 मीटर व मंडल वाल 03 मीटर की बनाई जानी है जिसमे से चारदीवारी की वाल 1,2 व 4 पर 1डेढ़ मीटर की दीवार का निर्माण कार्य पूर्ण व वाल 3 पर सरिया व कंक्रीट का कार्य चल रहा है। दिव्यशिला से समाधि तक 48X3.6 मीटर का पैसेज बनाया जाना है जिस पर राफ्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है व कंक्रीट का कार्य प्रगति पर है। इस संबंध में मुख्य सचिव ने जिंदल सोशल वर्क के प्रबंधक विकास राणा को 31 दिसम्बर तक शंकराचार्य समाधि व पैसेज को हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सरस्वती नदी पर 504X5 मीटर का आस्था पथ का निर्माण कार्य पूर्ण चुका है व घाट के लिए स्टेप भी बन चुके है। घाट को जाने वाले स्टेप पर सौंदर्यीकरण हेतु लाइटनिंग का कार्य किया जाना है। घाट के आस पास 05 व्यू पॉइंट बनाये जाने है जिसमे से 03 व्यू पॉइंट पर कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस सम्बंध में मुख्य सचिव ने जेएसडब्ल्यू को सितम्बर माह का अंत तक शेष 02 व्यू पॉइंट का निर्माण करने व अक्टूबर तक घाट सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

एम आई 26 हेलिपैड पर क्षतिग्रस्त गढ़वाल मंडल विकास निगम के 03 कॉटेज को 10 दिन के भीतर हटाने के निर्देश मुख्य सचिव ने लोनिवि के अधीक्षण अभियंता मुकेश परमार को दिए। एम आई 26 वर्तमान में 50X40 आकार का है जिसका विस्तारीकरण चिनूक हेलीकाप्टर हेतु 50X100 का किया जाना है।

डीडीएमऐ द्वारा गरुड़चट्टी के लिए पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें से केदारपुरी की तरफ के अबटमेंट का कार्य पूर्ण हो चुका है व 1 एक सप्ताह के भीतर दूसरी ओर के अबटमेंट का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

### लंबित कार्यों को भी तय समय के भीतर पूर्ण करने के निर्देश

सीएस ने अधिशासी अभियंता डीडीएमऐ प्रवीण कर्णवाल को 31 दिसम्बर तक पुल निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिंदल ग्रुप द्वारा तीर्थ पुरोहितों के 05 भवन निर्माण किये जाने थे जिसमें से 02 भवनों को पूर्ण कर जिला प्रशासन को सौप दिए गए है। अवशेष तीन भवनों को क्रमशः 15 सितम्बर, 30 सितम्बर व 15 अक्टूबर तक पूर्ण कर जिला प्रशासन को सौंपने के निर्देश मुख्य सचिव में दिए। साथ ही ध्यान गुफा के लंबित कार्यों को भी तय समय के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# बढ़ती जा रही है रोजाना कोरोना से मरने वालों की संख्या


**मांग**

■ पूर्व विधायक राजकुमार ने कोरोना से निपटने के लिए तेजी से बचाव कार्य किये जाने की मांग

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उत्तराखण्ड शासन को पत्र लिखकर कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के लिए तेजी से बचाव कार्य किये जाने की मांग की है। इस अवसर पर उन्होंने सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उत्तराखंड शासन को लिखे पत्र में कहा है कि देहरादून शहर में दिन–प्रतिदिन कोरोना वायरस कोविड–19 से ग्रसित लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कोरोना के शुरूआती दिनों में सरकार द्वारा शक्ति बरती गई पर अब जब कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण बहुत ज्यादा बढ़ चुका है और तो और अब सरकार ने इसकी ओर ध्यान देना ही छोड़ दिया है। रोजाना कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी शहरों की हालत कोरोना के कारण खराब होती जा रही है देहरादून भी उन्हीं शहरों में से एक है। कोरोना के चलते ऐसी हालत हो गयी है कि कोरोना ग्रसित मरीजों को कोई भी अस्पताल एडमिट करने को तैयार नहीं है और जो अस्पताल इन्हें एडमिट कर रहे हैं वहां पूर्ण रूप से सभी अस्पताल व वार्ड भर चुके हैं जिस कारण कोरोना ग्रसित मरीजों को उपयुक्त मेडिकल केयर न मिलने से उनकी मृत्यु हो रही है, इसलिए कोविड–19 कैम्प लगाए जाए और दून अस्पताल स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी अस्पताल जो पूर्णता बनकर तैयार है उसे सुचारू रूप से क्वारंटाइन सेन्टर बनाया जाए जिसमें कोरोना मरिजों को भर्ती किया जाए। उन्होंने कहा कि साथ ही जिन लोगों की कोरोना (कोविड–19) के कारण मृत्यु हुई है उनके परिवार को कोई भी मुआवजा नहीं मिल पा रहा है इन्हें 5 या 10 लाख रूपए का मुआवजा दिया जाए ताकि यह अपना गुजारा कर सके।

### डिप्टी सीएमओ व जोनल लेवल का अधिकारी करें नियुक्त



कोरोना मरीजों को ले जाने एवं दाह संस्कार के लिए समय पर लकड़ियां उपलब्ध ना होने के कारण उनके परिजनों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि परिजनों की कई शिकायतें है इसको तुरन्त सुधारा जाए। दून चिकित्सालय में डिप्टी सीएमओ व जोनल लेवल का अधिकारी नियुक्त किया जाए।

### हर मोर्चे पर विफल त्रिवेंद्र रावत इस्तीफा देः रविन्द्र सिंह

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश की भाजपा सरकार अपने हर मोर्चे पर विफल रही है, पूरे प्रदेश में अस्थिरता का माहौल है। अपनी ही पार्टी के विधायक नहीं चाहते त्रिवेंद्र सिंह रावत के मुख्यमंत्री देखना फिर भी नैतिकता नहीं दिखा रहे मुख्यमंत्री। इन्ही सब मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनंद के नेतृत्व में हाथ में काली पट्टी बांध बल्लीवाला चौक पर शांति प्रदर्शन किया।

आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता रविन्द्र सिंह आनंद के नेतृत्व में बल्लीवाला चौक पर एकत्र हुए जहां उन्होंने कोविड 19 के सभी नियमों का पालन करते हुए आस पास लोगों को परेशान किए बिना सरकार विरोधी नारों की तिख्तियां हाथ में लेकर शांति प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनंद ने कहा कि आज अब प्रदेश की बात करें तो प्रदेश सरकार ने एक अजीब अस्थिरता का महौल बना दिया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।